दिनांक 11.09.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान एवं राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर ने आज वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केम्प-02 यूग निर्माण स्कूल, दुर्गा विद्यालय, संतोषी पारा प्राथमिक शाला, जनता स्कूल, वैशाली नगर, कन्या विद्यालय का निरीक्षण किया गया। पोलिंग बूथ पर पानी, बिजली, शौचालय, रैंप, का अवलोकन किया साथ ही जोन आयुक्तों को निर्देशित किया कि विकलागों के लिए सर्व सुविधा युक्त रैंप, रेलिंग बनाने हेतु निर्देश दिये गये। इसी तरह हर पोलिंग बूथों पर विकलागों के लिए रैंप बनवाये एवं व्हील चेयर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि मतदान में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

आयुक्त के0एल0 चौहान, राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर, अधीक्षण अभियंता आर0के0 साहू ने केम्प क्षेत्र, छावनी एवं खुर्सीपार के क्षेत्रों में मतदान केन्द्र में किये जा रहे प्रारंभिक व्यवस्था का अवलोकन किये। आयुक्त महोदय द्वारा विभिन्न स्थानों पर ईवीएम मशीन एवं व्हीव्ही पेड मशीन द्वारा किस तरह मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न होगी की जानकारी के लिए चलाये जा रहे जागरुकता अभियान का भी अधिकारियों ने अवलोकन किया तथा मतदान केन्द्रो का निरीक्षण , शा.उ.मा.वि. केम्प- 01, बीएसपी उ.मा. शाला , वार्ड कार्यालय वार्ड 17, वृन्दानगर, का निरीक्षण करते हुए रैप , पानी, बिजली, दरवाजा, शौचालय आदि को व्यवस्थित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये।

जनसम्पर्क अधिकारी